प्राति मधरिमा स भर श्रद्धा मान हृदय का
दीपित कर नती रहस्य मय महत ताप से —
सा सी भासा के दल खाल हगा क सम्मुख।

[अगनाई लकर]

आह! न जाने किन फूलों की मदिर गध पा
अलस-श्राति ज भा लती मधर अगा में!
चलात हा उठा मन,—थान्त विश्राम करूँगा,
स्वप्नों की परिया के छायाचल म छिपकर!

[तरन पर आ जाता ह]

स्वप्न दृश्य

एक

[मन मधुर वाद्य संगीत · कलाकार का भावाक्रांत मन स्वप्न-धाम अंतर्जगत के सूक्ष्म प्रकाश में विचरण करता है जिसे स्वर्ग कहते हैं]

[स्वर्ग चेतना का गीत]

स्वागत, अमरपुरी में आओ!
जागृत स्वप्नों से निर्मित है
तन्द्रालस में मत निलमाओ!

जागो, जागो, दिव्य पाथ हे
त्यागो भव भय, मुक्त गात हे
स्वर्ग शिखर यह शुभ प्रात है,
निर्भय, निश्चय, चरण बढ़ाओ!

यह भीतर का सूक्ष्म संगठन,
मन करता आया आरोहण
तुम जड़ नहीं, अनश्वर चेतन,
चेतो, मन की भ्रांति भगाओ!

महानन्द की उठती लहरें,
पुण्य यहाँ के अक्षय प्रहरी,
जन्म मरण की निद्रा गहरी
छोड़ो, नर नीरज पद पाओ!

क्षणिक अतिथि बन जो तुम आये
तन मन प्राणों में कुम्हलाये
तो परदा तुम्हें यदि भाये
भू पर फिर गिर ले जाओ!

[[illegible] आती है]

जो विराग पथ में गभरत निसर्ग धूमिल
चरण चिह्न भू पथ पर छोड़ गए प्रबुद्ध जन!
तर्क बुद्धि मतवादों से जो रहा पृथक है!
उसकी आभा प्रभा स्फुरित हो अंतर्नभ में
आलोकित कर रही स्वप्न विगलित सदा था!
स्वप्नमयी वह, सूक्ष्ममयी आनंदमयी वह
करुणा कोमल माँ की ममता सी मंगलमय
प्रीति मधुरिमा से भर श्रद्धा मान हृदय को
दीपित कर रही रहस्य गत सहज भाव से,—
सो मैं भावों के दल खोले हँसा के सम्मुख!

[जम्हाई लेकर]

आह! न जाने किन फूलों की मदिर गंध पी
अलस-श्रांति उभर आती मधुर अंगों में!
बलात हो उठा मन — थोड़ा विश्राम करूँगा
स्वप्नों की परियों के छायांचल में छिपकर!

[तरु पर सो जाता है]

स्वप्न दृश्य

एक

[मन मनुज की अंतर्चेतना ... का भावात्मक मन स्वप्नावस्था में अन्तर्जगत के सूक्ष्म प्रसारों में विचरण करता है जिसे स्वप्न कहते हैं]

[स्वर्ग चेतना का गान]

स्वागत, अमरपुरी में आओ!
जाग्रत स्वप्नों से निर्मित है
तन्द्रालस में मन विरमाओ!

जागो, जागो, दिव्य प्रात है,
त्यागो भव भय, मुक्त गात है
स्वर्ग शिखर यह शुभ्र शांत है,
निर्भय, निश्चय, चरण बढ़ाओ!

यह अंतर का सूक्ष्म संगठन,
मन करता छाया आरोहण
तुम जड़ नहीं, अनश्वर चेतन,
चेतो, मन की भीति भगाओ!

महानंद की उठती लहरें,
पुण्य यहाँ के अक्षय प्रहरी,
जन्म मरण की निद्रा गहरी
छोड़ो, नव जीवन पथ पाओ!

क्षणिक अतिथि हो जो तुम आये
तो मत प्राणों में कुम्हलाये,
तो दरशन तुम्हें यदि भाये
? पर स्वर्गशिखर से जाओ!

[[illegible]]

कर्णधार

[आगे बढ़ता हुआ]

कैसी स्वर-संगति है इस सुंदर प्रदेश में,
स्वर्ग लोक है यह क्या, अंतर्मन का दर्पण?
जहाँ मौन संगीत प्रवाहित होता रहता
सूक्ष्म भावना अप्सरियों के पदक्षेप से!
निश्चय, यह मानव जग का प्रतिमान रूप है—
विगत युगों का भाव विभव है जिसमें संचित!
ये कैसी छायाएँ विचर रहीं अनंत में
दिव्य चेतनाओं सी स्वप्नों के पंखों पर!
ये कैसे विच्छिन्न हुईं जीवन पदार्थ से!
आत्माएँ हैं ये क्या जो तन में बँधन का
मँडराता उड़ चिद् नभ में निःशब्द व्यथा सी?
अथवा ये चिर रहस शक्तियाँ, मनुज नियति का
संचालित करता जो छिप कर स्वदूता सा?
इन्हें कौन परिचालित करता?—गूढ़ प्रश्न है!
संभव, ये अंतर प्रकाश की छायाएँ हों
धरती की रज बाह्य आवरण भर है जिनकी!
जीवन का बहुमुखी सत्य है एक, अखंडित,
अध ऊर्ध्व सोपान श्रेणियों में वह छहरा,
एक दूसरे पर निर्भर है जिनकी सत्ता—
एकांगी अभिव्यक्ति नहीं श्रेयस्कर इनकी!
मनुज चेतना भटक गयी क्यों मध्य युगों से
भाव लोक में? ऊर्ध्व पथ क्या पकड़ा उसने!
स्वप्न लोक में शून्य मुक्ति का अनुभव करने?
मुक्ति रिक्त कल्पना नहीं, वास्तविक सत्य है!
उसे प्रतिष्ठित करना होगा जन समाज में
महत् वास्तविकता में परिणत कर जीवन को!
सूक्ष्म स्वर्ग को भी फिर विकसित होना होगा
जन धरणी पर उतर, मूर्त अवयव धारण कर,—
वह यथार्थता में बंधन का रुका हुआ है!

[वाद्य संगीत के साथ गंभीर मधुर प्रार्थना गान]

यह कैसा उन्मुक्त प्रार्थना गान बह रहा
फिर श्रद्धा विश्वास हो उठे अंतर्मुखरित,
गुह्य अर्थ मन्त्रों के स्वत स्फुरित हो उर में
उद्भासित हो उठे तडिल्लतिका से दीपित!
यह किन आत्माओं का करुणा-नत प्रकाश है?
वरदहस्त की छाया कौन किये ये भू पर?
दिव्य महापुरुषों से लगते ये पृथ्वी के!
स्वप्न देखता हूँ मैं क्या? या अति जाग्रत् हूँ!
सुनूँ, धरा के स्वर्गिक प्रतिनिधि क्या कहते हैं?

[छायाओं का सम्बोधन कर]

अभिवादन करता हूँ, श्रद्धानत मस्तक मैं
जन-भू के स्वप्नों से पीड़ित,—रंग तूलि सा
रँगता जो नित धरा चेतना के क्षत पदतल,
उर की करुणा ममता शोभा सुषमा से भर,—
लोक कला का महदाकांक्षी, नव दृष्टा मैं
महत् प्रेरणा का अभिलाषी, सत्य चार मैं!

प्रथम छाया

मर्त्य जीव हो नहीं, अमरताकांक्षी भी तुम!
हम भी जन भू के अभिभावक, जन सेवक हैं—
आत्म मुक्ति पथ त्याग लोक जीवन वेदी पर
हमने पार्थिव स्वार्थों का बलिदान किया नित!
अब भी हम यत्नशील हैं स्वर्ग लोक में
भू जीवन के श्रेय के लिए—आत्म तेज से
मार्ग प्रकाशित कर जन गण का ध्रुव तारकवत्!

कलाकार

मेरा भी भू पथ प्रकाशित करें सदा तप!

प्रथम छाया

सफल मनोरथ हो तुम वत्स, बनो नारद की
मृत नास्तिकता नष्ट कर उस जन जीवन
नित नव साधकता दे, वह नारद तृष्णा का
मानव अन्तर के प्रकाश में रूपान्तर कर
उसे मनुज के योग्य बनाये,—घृणा द्वेष का
शमित द्रवित कर। मानव ईश्वर का प्रतिनिधि है।
लोकोत्तर जीवन विकास की क्षेत्र है धरा,
मानव का जीवन आत्मोन्नति का प्रांगण है।

दूसरी छाया

पुण्य कर्म रत रहो पाप का पथ मत रोका
प्रभु मंगल सज्जन को करते सम ज्योति दान नित।
एक सनातन प्रेम व्याप्त सब चराचर में,
वही प्रेम ईश्वर जिसका मन्दिर मानव उर।
तुम पवित्र यदि रहो तुम्हें फिर किसका क्या भय?
सदाचार श्रेयस्कर भू पर स्वर्ग लाकर से।
कर्मे मिलते फल उन्हें यथा जीवन जिनका,
उनका पालन सब को ही करना है जग में।
क्षमा दान जो करो तुम्हें प्रभु क्षमा करेंगे—
प्रेम क्षमा, जन दया विनय, सोपान स्वर्ग के।
धन्य विनम्र निरीह उन्हें स्वधाम मिलेगा
धन्य सत्य पथ चारी, होंगे पूर्णकाम वे।
धन्य पवित्र हृदय, ईश्वर का मुख देखेंगे
धन्य शान्ति कामी, प्रभु के शिशु कहलाएँगे।
धन्य न्याय हित व्यथित स्वर्ग में राज्य करेंगे।
तुम धरती के लवण, विश्व भर के प्रकाश हो,
ईश्वरीय महिमा का भू पर करो प्रकाशित।

तीसरी छाया

रोग शोक औ' जरा मृत्यु पीड़ित जग जीवन
सुख की तृष्णा—मार शत्रु दुर्जेय मनुज का।

राग द्वेष पर मिथ्या का पर तन भयंकर
अंधकार अज्ञान जनित छाया तन भू पर।
आत्म शुद्धि का अनुपम अग्नि पथ है दुर्गम,
सद्धर्म का द्वार दिया स्थापित बातों में।
मूल अविद्या है प्रकार जिसका तृष्णा का
नाम रूपमय षडायतन, भव, जन्म मरण है।
कारण, दुःख निदान निरोध समझ कर मानव
जन मंगल का मार्ग गह — मध्यमा प्रतिपदा।
क्षण भंगुर यह जगत, नित्य चैतन्य न आत्मा
निश्चित पदार्थ अनित्य कर्म जग-जीवन-बंधन —
तृष्णा दुःख का कारण, उसका पूर्ण त्याग कर
ग्रहण करें जनगण सदा पथ, बोध दया मन।
बुद्ध, धम्म औ संघ शरण निर्वाण प्राप्ति पथ।

चौथी छाया

इधर धवल पर, असीम दया सागर था,
उधर सब संकट समान, जातियाँ सब है।
मृत्यु अन्तर मृत्युभीत हर परिनिर्वाण में
भूतल पर विश्राम, धर्म का मार्गदर्शक हर।
विनय दान, प्रार्थना — सबका जन जन का
इतिहास का मार्ग चाहता मैं पूरा पर।

पाँचवीं छाया

अभी लौट कर आया हूँ पावन यात्रा से
अभी जहाँ भर गया मन के नाम भी भर,
जो कि लोक सदा के फिर उपकार किए हैं।
महापुरुष जो शान्ति सिद्ध जागी के पथ पर
रह गए हैं मैं भावातुर होता हूँ।
जग अनुसरण किया। बहुत आदर्शों का विधि
शांति पर चित करे समीप। इस जग का,

मैंने विविध प्रयोग किये जन के जीवन में —
स्वत: सत्य को पाता रहा मैं क्रम क्रम से !
ईश्वर सत्य न कहकर कहूँ सत्य ईश्वर है ?
सतत असत् पर सत् की जड़ तम पर प्रकाश की,
तथा मृत्यु पर जीवन की जय होती जग में !
नियम नियामक दोनों एक तथा अभिन्न हैं।
भू जीवन में और नये के प्रति आग्रह है !
सभी नया चाहिए मनुज को, जादू से ज्यों
सभी पुराना क्षण में नया बदल जाएगा !
शाश्वत और चिरंतन सत्य नहीं हो कुछ भी,
अभिव्यक्ति पाता जो जीवन व्यापारों में
पुन: पुरातन को नूतन में समावेश कर !
सूर्य तले, कहते हैं कुछ भी नया नहीं है,
घटनाओं को छोड़ नित्य अभिनव पुराण जो !
खादी सूतों के सात्विक ताने बाने भर
जन जीवन पट बुना सरल लोकोज्ज्वल मैंने
जनगण के श्रम बल के मूल्यों पर आधारित,
हिंसा शोषण के धब्बों से उसे बचा कर
औ' असत्य के कल्मष से रक्षा कर उसकी !
अन्यायी अत्याचारी के प्रति नृशंस के
मन नम्र बनाने के सिखला प्रयोग नव,
युद्ध जर्जरित जग को दिखा अहिंसा का पथ,
भीरु हृदय में मानव गौरव पुन जगाया,—
आत्म शक्ति से रोक पाशविक हिंसा का बल !

कलाकार

अब भी तन मन सिहर कर उठता सभ्रम से,
पावन स्मृति के मलय स्पर्श से पुलकाकुल हो
एक नया चेतनोल्लास उठ धरा गर्भ से
चलता नभ की ओर, स्वर्ग मुख दीपित करने !
शत प्रणाम जन युग की इस आराध्य ज्योति को !

पाँचवीं छाया

जय मंगल हो! लोक कर्म रत रहा निरंतर
सेवा करना ही प्रणाम करना है मुझको!

['रघुपति राघव राजाराम' की धुन धीरे धीरे 'श्री रामचन्द्र कृपालु भज मन' के करुण कंठ स्वर में डूब जाती है]

कलाकार

ओ, यह क्या स्यात सुनाई तुलसी के स्वर हैं?

एक स्वर

मैं पहिले ही परम मंत्र दे चुका मित्र को!
राम चरण अवलंब बिना परमार्थ सिद्धि की
पुण्याशा बारिद की गिरती बूँद पकड़ कर
नभ में उड़ने की अभिलाषा सी मिथ्या है!
सियाराम मय जान समस्त जगत को निश्चित
बार-बार करता प्रणाम युग पाणि जोड़ नित!

दूसरा स्वर

परम लोकप्रिय यह तुलसी ही की वाणी है!

एक स्वर

मुझे लोकप्रिय लगते हैं सूरदास जी!
सूर सूर हैं! जिनका मधुर कृष्ण का शैशव
अब भी घुटनों बल चलता इस भारत भूमि के
घर घर में, प्रांगण आँगन पर, भुवन मोहिनी
अपनी लीला से विमुग्ध कर जन जन का मन!
अब भी ब्रज निकुंजों में वंशी ध्वनि बन कर
जनात्मा में पुलकित करता गोपी भू का मन,
यमुना तट नित मुखरित रहता रास लास से!
दुर्लभ अन्तर्मुखी दृष्टि है! स्वर राम की

सदा रूपमय रहे दर्शाने! मुझको उनका
धनुर्बाणधर रूप सदैव प्रणम्य रहा है!

पहला स्वर

यह क्या मीरा? मौन, नृत्य में समाधिस्थ सी!

दूसरा स्वर

नृत्य निरत गिरिधर में लीन, भाव-रस डूबी,
प्रेम दिवानी मीरा केवल तन्मयता है!
निरन्तर नूपुर ध्वनि से ही उसकी सत्ता का
मर्म मधुर आभास रसज्ञ को मिलता सतत!

तीसरा स्वर

ठीक बात है मस्त हुआ मन तब क्यों बोले!

एक स्वर

शब्द अनाहद के कबीर यह, अन्तर प्रेम का
गुड़ खाकर, गूँगे-से सदा रहे मुसकाते!

दूसरा स्वर

सूक्ष्म सुषुम्ना के तारों से झीनी झीनी
बिनी चेतना सुघर चदरिया स्वच्छ आपने
कलुष चिह्न से मुक्त धन्य हैं आप, कि जिसने
घूँघट का पट खोल सत्य के मुख को देखा
सदगुरु से चूनर रँगवा ज्यों की त्यों रख दी,—
अमर रहे साजन की प्रिय शृंगार आपका!

चौथा स्वर

मुझे आपकी अमर साखियाँ सदा प्रिय रहीं,
चमत्कारिणी वाक्य दृष्टि, मार्मिक रहस्यमय,—
उलटबाँसियों का क्या कहना! अद्भुत, अद्भुत!
नदी नाव के नाव समाती रहती प्रतिपल!

मध मंद्र क्या ये रवीन्द्र के मादक स्वर हैं !

चौथा स्वर

अमरों का है प्रिय शस्य स्मित स्वर्ण धरित्री,
पर भारत के अकर्मण्य जन मुग्ध अतीत का
देखा करते सदा विगत गौरव स्वप्नों में
खोए, निज दायित्वों के प्रति सोए रहते !
सामाजिक चेतना न अब भी जाग्रत उनमें !
नव राष्ट्र का भार वहन करने में अक्षम,
जाति पातियों, कुल परिवारों में विभक्त वे,
रूढ़ि रीतियों से शासित, मत भेद प्रताड़ित !
मैंने निज अंतर की स्वर्णिम झंकारों में
भू भागों की संस्कृतियों का किया समन्वय,
विश्वनाद स्थापित कर नंदित भू प्रांगण में,—
भारत की आत्मा को पश्चिम के जीवन की
नव गौरव-गरिमा से फिर से आभूषित कर !
भारत उर के भावों को पहिनाए मैंने
स्वर्ण रजत परिधान स्वप्नस्मित छायातप के
उषा ज्योत्स्ना की छाया में भू जीवन के
गातों को पट बुन स्वप्निल सौन्दर्य बोध से !—
श्री शोभा गरिमा से मंडित हो जन धरणी,
महत् ज्ञान विज्ञान समन्वित हो नव जीवन,
यही मात्र संदेश विश्व जन के प्रति भेजा !
युग प्रबुद्ध हो, आलोकित हो सारा भू घर,
यही प्रगति का, आत्मोन्नति का पुण्य द्वार है !

[शान्ति मूर्ति [illegible] [illegible]]

कलाकार

[अर्ध जाग्रतावस्था में]

धन्य भाग्य है! सफल हो गया मानव जीवन,
आज महापुरुषों का क्षण सामीप्य मिल सका,
और महाकवियों का दर्शन लाभ हो सका!
सभी महाकवियों की वाणी जन मंगल की
महत् भावनाओं से प्रेरित रही निरंतर!
सभी श्रेष्ठ धर्मों का अभिमत एक रहा है,—
ईश्वर पर विश्वास, सत्य आचरण धरा पर!
सभी महापुरुषों के लक्षण एक रहे हैं—
आत्मत्याग, जन सेवा, दया, विनय, चरित्रबल!
भू की भिन्न परिस्थितियों को भिन्न रूप से
संयोजित नित किया स्वर्ग की महत् दया ने,
मूर्तिमान हो युग युग में बहु सत्पुरुषों में!
सभी लोक पुरुषों की वाणी सत्य पूत है,
सभी दिव्य द्रष्टा, जन भू के अभिभावक हैं!
पर, मानव की नियति हाय, सचमुच निर्मम है!
सद् वचनों के लिए बधिर हैं हृदय के श्रवण,
मनोभूमि बंध्या है उच्च विचारों के प्रति!
दिव्य प्रेरणाओं से विमुख मनुष्य चेतना!
सत्य बीज बन प्राणों के रस से सिंचित हो
क्यों न प्रवाहित हो उठते जीवन गरिमा में?
कहाँ, कौन सी त्रुटि है? कैसी परवशता है!
आह, काँप उठता मन मानव की दुर्बलता से!
ऊपर से आकर प्रकाश बन जाता तम में
अंधकार का और अँधेरा बना धरा पर!
दुःस्वप्नों से आकुल हो उठता है अंतर,
रौंद रहा है कोई उर को, विश्वासों के
शिखर बिखरते जाते खिसक रही मन की भू,
ज्यों अंतर्मन का विधान हो चूर्ण हो रहा,—
घन कुहास से आवृत है मानव आत्मा!!

[स्वप्न धान्य वाद्य सगीत [illegible] कलाकार की आत्मा अनन्त
उच्च तथा सूक्ष्म प्रभाग में विचरण करता है]

*अहह, क्या सूक्ष्म अनेकों स्तर हैं स्वर्गलोक के ?
कैसा सम्मोहन है सद्य स्फुट वर्णों का !
यह प्राणों का हरित स्वर्ग सा लगता सुंदर,
जीवन की कामना जहाँ हिल्लोलित अहरह
शस्य राशि सी श्यामल, शत वर्णों में मुकुलित,
इंद्रिय भृंगों से गुंजित, मधु गंधामोदित !
मदिरा की सरिताएँ बहतीं ! यौवन उन्मद
अप्सरियों की नूपुर ध्वनि मथित करती मन,—
अधखिली कलियों सी कोमल देह लताएँ
अंग भंगिमा भर, नयनों को करतीं अपलक !*

[भाव परिवर्तन सूचक वाद्य सगीत]

*यह भावों का स्वर्ग लोक है मनो भूमि पर,
भूल रहा जो संयम तप की सुरा डोरों में !
यहाँ व्याप्त चिन्मय प्रकाश नीरव नीलाञ्चल,
मर्यादा में बँधी क्यारियाँ,—भाव राशि के
मुकुल स्वप्न-स्मित, पक्व पुण्य फल, आदर्शों की
लतिकाएँ लटकीं पात्रों से विनयानत हो !
सूक्ष्म वायु मंडल में व्यापकता है निर्मल
मान प्रेरणा की सुगंध से समुच्छ्वसित जो !
श्रद्धा औ' विश्वास तैरते हंस मिथुन-से
उच्च विचारों के प्रशान्त नभ में [illegible],
अतल नाभि उर सरसी [illegible] प्रीति तरंगित !*

[भाव परिवर्तन सूचक [illegible]]

*आत्मशुद्धि के नियमों का चिंतन [illegible]
और [illegible] [illegible] [illegible], [illegible] जाति गत
[illegible] [illegible] पर, [illegible] से [illegible],
जहाँ [illegible] का [illegible] [illegible] है !*

मुक्ति दीप टिमटिमा रहा फीका प्रकाश दे,
संध्या के झुटपुट सा पीलातप निराश कर,—
आत्माएँ उड़ती जुगनू सी स्वयं प्रकाशित !

[पुनः भाव परिवर्तन सूचक वाद्य संगीत]

अंधतमसी लघु स्वर्ग संप्रदायों में सीमित
लटके हैं अगणित त्रिशंकु से, जड़मत पामर,
कट्टरपंथी आचारों के झींगुर झन झन
जहाँ रेंगते, दारुण धर्मोन्माद जगा कर !
जहाँ रूढ़ि जर्जर आस्था के झंखाड़ों पर
क्षुद्र अहंता के दिनाथ हैं नीड़ बसाए
मंद प्रभा में जो प्रकाश की छाया भर है !
आदर्शों के उच्च स्वर्ग सकाश क्षीण हो,
निकल गए जाने क्यों बहु उपशाखाओं में,
शुष्क कर्मकांडों में, जड़ विधियों, नियमों में !

[वाद्य संगीत के साथ दूर से आते गाता के स्वर जिनमें कलाकार को अपने मन के भावों की प्रतिध्वनि मिलती है]

महागान

यह क्या मन के रीते सपने !
कहाँ स्वर्ग सुख शांति, कहाँ रे
धरती के दुख भरे कलपने !

सपने भी तो कब के बीते
मीठे सुख क्षण लगते तीते,
धर्म नीति आदर्श सुनहले
काम न आते लगते अपने !

यह छायाओं का अंतर्मन
कभी रहा जो जाग्रत चेतन,
अब भी निभृत मधु स्मृतियों के
स्वप्नों से दृग लगते झँपने !

एक वृत्त रे हुआ समापन,
स्वर्ग न रहता कभी चिरंतन,
नव जागरण का नव रण अब
नव मन्त्र के मनके जपन!

लौट न आ सकते बीते क्षण
उन्हें न दो अब व्यर्थ निमंत्रण,
जन मन प्रांगण आज लगा गिर
अश्रुत पद चापों से कंपन!

कलाकार

[चिन्तातुर स्वर में]

कहाँ हाय, मैं भटक गया हूँ, किन लोकों में,
दुःस्वप्नों से पीड़ित क्यों हो उठता अंतर?
क्यों विभक्त कर दिया सत्य को मानव उर ने,
मानव मन की सीमा ही क्या इसका कारण?—
खंड खंड कर करता जो नित पूर्ण का ग्रहण!
जीवन, मन, चेतना सभी तो एक सत्य है
स्वर्ग धरा, जड़ चेतन, एक अभेद्य पूर्ण हैं!

[बीच के वातावरण में उतर अवरोह जनित कटु कंपन का कुंठित आक्रन्द सुनाई पड़ता है]

ये कैसी चीत्कारें उठतीं अतलातल से?
घोर तिमिर का बादल घेर रहा हो मन को!
कहाँ गिर रहा हूँ मैं? ये क्या नरक लोक हैं?
नीचे उतर हृदय घुलता जाता विषाद में,
अंधकार में आ गया हाय, कैसे स्वर हैं?

[[illegible] कलाकार [illegible]]

स्वप्न दृश्य

[२]

[कलाकार को दुःस्वप्न ग्रस्त अंतर अवचेतन के छायाकार पूर्ण लोकों में भटकता है। सुदूर से वाद्य व संगीत के स्वर उभर कानों में टकराते हैं]

[छायामय चेतना का गान]

अंधकार भी तो प्रकाश है !
पलकों में रे लवण अश्रु कण
अधरों पर क्षण मधुर हास है !

नयनों को प्रिय नींद घनेरी
जीवन तृष्णा देती फेरी,
मोह निशा की अचल छाया
मनुज ध्येय इंद्रिय विलास है !

वृथा आयु की अवधि गँवाई
मन की टीस नहीं मिट पाई,
चार दिवस की मधुर चाँदनी
रैन अँधेरी फिर उदास है !

विकसित, पशु ही निश्चय मानव
कभी देव नहीं, फिर वह दानव
ह्रास सतत होता जीवन में,
कहने को होता विकास है !

जो जैसा वह वैसा रहेगा
बहता पानी सदा बहेगा,
बड़े बड़े मुनि हार गए रे
मनुज प्रकृति का क्रीत दास है !

लिखा करम का नहीं टलेगा
अपना वश कुछ नहीं चलेगा,
कभी मंद तो कभी तेज है
मन की गति से बँधी साँस है !

यहाँ कौन, कब किसका सहचर
अपने सब, सबका है ईश्वर,
हानि लाभ सुख दुख की दुनिया
कभी दूर तो कभी पास है !

कलाकार

[मनस्थ सूत्र सा]

अंधकार ! यह कैसे हो सकता प्रकाश सा
अंधकार भी क्या प्रकाश की एक शक्ति है ?
या प्रकाश ही अंधकार की एक शक्ति हो ?
यह पहेली है ! उफ़, मैं क्या सोच रहा हूँ !
कैसी दूषित वायु यहाँ है भीति से भरी !
कहाँ आ गया मैं, किस दृष्टि विहीन लोक में !
जहाँ ह्रास युग का विषण्ण तम छाया निष्क्रिय,
घोर हृदय कार्पण्य भरा अनुदार दैन्य सा !
यह कैसी स्वार्थों की अँधियारी नगरी है
जिससे रही अपरिचित मेरी प्रखर चेतना !
भग्न भित्तियों में सीमित है इसका प्रांगण
जिनमें घिर घरौंदे लगते तुच्छ घिनौने !
उफ़, सने आलस प्रमाद में मग्न लोग ये,
पग हिलाना ही हो ध्येय जिनका जाना था !
मुँह मुँह में बैठे, गुप पर-निन्दा में रत
एक दूसरे के अहित के हित नित तत्पर,
राग द्वेष से जर्जर, कातरों से कायर,

अहम्मन्य, अभिमानी, स्पर्धा-द्वेष-पीड़ित,—
हठी, कुटिल-मति, मदभार से भर, निर्मम,
पर द्रोही, प्रतिशोध क्षुधित, निज के पीड़क,
कलह विवाद विनोदी घोर विषमता प्रेमी
निरुद्यमी, निःसत्व, निरुत्साही, निराश मन,
रोग शोक, दारिद्र्य दैन्य के जीवित पंजर
निखिल क्षुद्रताओं के जीवन मृत प्रतीक से !!
सूख गया प्रेरणा शक्ति का स्रोत हृदय में,
केवल गत संस्कारों पर जीवित इनके शव,
रेंग रहे जो भाग्य भरोसे भग्न राह पर !
इसीलिए ये रत स्वार्थ के पंक फँसा
लूटा करते एक दूसरे का जीवन-श्रम,
जाति पाँतियों में बहु खंडित, चिपके रहते
पथराए से रूढ़ि रीतिगत अभ्यासों से !
क्षुद्र सम्प्रदायों की सीमा अतिक्रम कर ये
निर्मित कर पाते न महत् सामाजिक जीवन !
तुच्छ मोह ममता में डूबे परम्परागत
कठपुतली से नाच रहे विधि लिपि पर निर्भर !

[वरुण वाणिश समाप्त]

हाय, कौन जीवन नंदिनी सिसकती है वह ?
यह क्या अबला ? छाया सी लिपटी पग से !
छिन्न लता सी कौन अधमरी वह ? क्या विधवा ?
कौन माँगते गा गा कर ये ? क्या अनाथ शिशु ?
आह, कैसी जीवन विभीषिका बन धरणी पर
जो मानव को वंचित रखती मनुष्यत्व से !!
कौन लोग ये ? राग द्वेष कटु कलह क्रोध के
मूर्तिमान कुत्सित प्रतीक से ? निम्न शक्तियों के
अमानुषी प्रतिनिधियों से लगते हैं जो !

[भाव परिवर्तन चातक शान्ति भगान]

ये क्या संस्कृति पीठ, कला साहित्य द्वार हैं ?
क्षुद्र मतों में, कलुषित गुटों में ईर्ष्या-खंडित !
ह्रास युगीन अहंतात्मा के मन संगठन,
व्यापक न स्वार्थ, सर्पों से अनुप्राणित !
सब बंध, प्रच्छन्न रूप से, व्यक्ति यहाँ पर
पर-परिभव हित तत्पर रहते, स्पर्धा पीड़ित !
जीवन कुंठा जहाँ अनुगमन अट्टहास नत
विस्मय स्तंभित कर देता क्षण मूढ़ अतिथि को !
और सृजन प्रेरणा व्यक्तिगत स्तुति निंदा पर
निर्भर रहती, रिक्त शिल्प सौष्ठव में मंडित !
यहाँ महत् निर्माण न संभव भाव सृष्टि का,
हा ! संगठित प्रहार सुलभ हैं सहधर्मी पर !
बुद्धि जीवियों का आहत अभिमान प्रदर्शन
यहाँ मात्र वाणी की सेना, कलाकारिता !

[भाव चातक गभीर शान्ति उगान]

क्या मनोविकार मात्र बन गई चेतना
सत्ता में हो लिप्त, भविता में हो गुंफित !
सामाजिक सन्तुलन खो गया क्या जीवन का ?
किन दोषों से प्राणों का संयमन नष्ट हो
विष बन फैल गया जन के नैतिक विधान में ?
किस प्रकार खोखला हो गया निर्मित आत्मबल,
क्यों चरित्र की अन्त संगति चूर्ण हो गई ?
युग युग से संगठित मानमय चेतनाधार
हाय, खो गया महानाश के अन्धकार में !!
ये साधारण व्यक्ति यहाँ मन के निराश्रित
कुंठित विचारों की छाया है—जीवन शापित !!
नहीं, यह दारुण स्वप्न न जीवन पर टूटेगा,
चिन्तन के मन्दिर मन में उठ सदा सा
निराकार आकांक्षा देगा। इसे सा

कहीं खुला आकाश नहीं, जो स्वच्छ वायु में
सास ले सके मन क्षण भर अह, छूट नरक से !

[नराश्यपूर्ण करुण वाद्य संगीत जो धीरे धीरे लोक जागरण के उत्सव संगीत में परिणत होकर द्रुत से द्रुततर होता जाता है। कलाकार की पलकों पर दूसरा स्वप्न चित्र उतरता है सुदूर से वाद्ित संगीत के स्वर आते हैं।]

जन गीत

जीवन में फिर नया विहान हो
एक प्राण, एक कंठ गान हो !

बीत अब रही विषाद की निशा,
दीखने लगी प्रयाण की दिशा,
गगन चूमता अभय निशान हो !

हम विभिन्न हो गये विनाश में,
हम अभिन्न हो रहे विकास में,
एक जय प्रयं अब समान हो !

क्षुद्र स्वार्थ त्याग नाद से जगें,
लोक कर्म में महान सब लगें !
रक्त में उफान हो, उठान हो !

शापित कोई कहीं न जन रहे,
पीड़न अन्याय अब न मन सहे
जीवन शिल्पी प्रथम, प्रधान हो !

मुक्त व्यक्ति, संगठित समाज हो,
गुण ही जन मन किरीट ताज हो,
नव युग का अब नया विधान हो !

कलाकार

आज व्यक्ति संघर्ष लोक जागरण बन रहा
धीरे निर्मम स्वार्थों की शृंखला तोड़ कर।
छिन्न माया जल से युग जीवन अंधकार फिर
निहँस उठा मानव उज्ज्वल मंगल प्रभात में।
निश्चय ही वह अंधकार था नहीं अकेला,
अलसाया जीवन प्रकाश था, मानव मन की
अंध वीथियों, रुद्ध घाटियों में बंदी हो
म्लान पड़ गया था जो छाया सा कुम्हला कर।
चेतन से जड़ को देखें, जड़ से चेतन को
दोनों का निष्कर्ष एक ही होता निश्चय।
उद्वेलित हो उठा आज स्तंभित जन सागर
प्राणों का नव ज्वार उमड़ता उसके उर में,
मज्जित कर देगा वह भू तट, युग प्लावन में
बाधाओं को लांघ, रहा अवसाद युगों का!
नवल प्रेरणा के स्पर्शों से पुलकित जन मन,
आंदोलित हो उठा विविध शाखाओं का जग,
नव वसंत की जीवन शोभा में दिगंत को
मधु प्लावित कर देगा वह, नव गंध मंजरित।
ओ, महान् जागरण, युगों से लोक अभीप्सित
भू पलकों पर मूर्त हो रहा स्वप्न सत्य सा,
जगती के वैषम्य-विरोधों का, कल्मष का,
मिटा सदा को धरा वक्ष के वैरूप्यों का!
नव प्राण हो रही धरा, युग युग से रौंदित,
नव लक्ष्य को वह सहसा पग फेरि मुक्त हो,
जन भू में स्वर संगति भरते पद चापों से।
कौन दिशा वह, जिधर बढ़ रहा जन-भू-जीवन,
मत्त, स्नात, गर्वित समुद्र सा हिल्लोलित हो?
कौन प्रेरणा उसे सींचती जिस नव पथ पर?
क्या वह इच्छित प्रदेश? नव स्वर्ग लोक वह?
क्या उसका आदर्श रूप? वह धरा चेतना

[प्राणोन्मादक वादित्र संगीत]

रूढ़िबद्ध, कुंठित, कुत्सित संस्कार युगों के
उच्छेदित हो जाएँगे मानव अंतर से ?
विस्तृत उपचेतन गह्वर, व्यापक मन क्षितिज,
विकसित हो जाएगा जन जीवन संवेदन ?
घृणित क्षुद्रताएँ मिट जाएँगी मनुष्य की
दैन्य अविद्या तमस निरस्त नये प्रकाश से ?
स्वार्थ लाभ कटु स्पर्धा घुल जाएगी मन की ?
रूपांतर हो जाएगा मानव स्वभाव का ?
व्यक्ति समाज परस्पर घुल मिल जाएँगे तब
भर जाएगा अंतराल दोनों का गहरा ?
चिंताओं से मुक्त मनुज आत्मोन्नति में रत
संस्कृति का नव स्वर्ग बसाएगा धरणी पर,
आध्यात्मिक सोपानों पर आरोहण कर नव ?

[आनन्द कल्पना मग्न वादित्र संगीत सहसा रण वाद्यों के निनाद तथा विप्लव के कोलाहल में डूब जाता है]

[स्वप्न में चौंककर]

अह, यह कैसी दुमुख रण भेरी बजती है,
आहत कर दिङ् मंडल को दारुण गर्जन से !
कौन शक्तियाँ कार्य कर रहीं भू मानस में ?
क्यों राष्ट्रों के बीच पड़े हैं लोह आवरण ?
कौन साधनों का प्रयोग कर रहे धराजन
नव भू स्वर्ग बसाएँगे क्या रक्त सने कर ?
क्यों भीषण उपकरण जुटे हैं विश्व ध्वंस के ?
सेनाएँ संगठित हो रहीं विकट, भयंकर
अस्त्र शस्त्र बन रहे विनाशक, वज्र निनादक ?
काल दंष्ट्र-से जो कराल, जिनके दशन में
महा नाश के निर्मम तत्व हुए हैं बंदी
शत प्रलयों का ध्वंस, कोटि कुलिशों का पावक
जिनमें पुंजीभूत विषाणु महामारी के ।।

[मृत्यु और विनाश सूचक [illegible] शान्ति समाज]

क्यों मानव मन का उत्पीड़न, जो श्रम शोषण
आज चल रहा छद्म बल से, निर्मम साहस से !
कहाँ गया रण धर्म, मानुषी मर्यादाएँ
विविध संधि विग्रह, समझौते भू भागों के —
नियम पत्र, प्रण, निर्बल राष्ट्रों का संरक्षण
औ' सर्वोपरि शांति घोषणाएँ देशों की ?
नारकीय कर्मों में रत क्यों उभय शिविर अब ?
मनुज हृदय क्या आज हो गया इतना निर्मम ?
इन्हीं साधनों से होगा क्या सृष्टि श्रेय का ?
आज साध्य औ' साधन में क्यों इतना अंतर ?
एकांगी शुभ स्वप्न रहा मानव समाज का,
भौतिक मद से, जीवन तृष्णा से प्रमत्त हो,
विचर गया जो अंध नाश में आत्म पराजित !!
युग आदर्श यथार्थ साथ चल सके न भू पर !

[शान्ति समाज [illegible] [illegible] और
विध्वंस समाज [illegible] तथा [illegible]]

ऐसा हाहाकार, तुमुल रणनाद हो रहा
शत शत रण कड़क उठते नभ को विदीर्ण कर
प्रलय काल सी काँप रही भू पर [illegible], यह
नरक द्वार खुल गया नाश का क्या जन भू पर !!

[[illegible] हाहाकार का [illegible] हो जाता है । [illegible] [illegible] में [illegible] [illegible] उभर [illegible] है । [illegible] शान्ति समाज उसका [illegible] आकर्षित करता है [illegible] उसका [illegible] मौन [illegible] में बैठ जाता है ।]

[मंच करुण शान्ति संगीत के साथ धरा चेतना का गीत]

अंधकार, घन अंधकार है,
अंधकार है!
रुद्ध मनुज के हृदय द्वार
घन अंधकार छाया अपार है,
अंधकार है
बाहर जीवन का संघर्षण
भीतर आदर्शों का गर्जन
भरा मौन प्राणों में क्रंदन
उर में दुःसह व्यथा भार है
बदल रहा जन भू का जीवन,
निखर तत्वों पर रहा विश्व मन,
घुमड़ रहा उन्मद अवचेतन
मनुज विनय बन रहा हार है!
युग परिवर्तन का दुर्वह क्षण
डाल अचेतन का अवगुंठन
आरोहण करता नव चेतन
प्रलय सृजन क्रम दुर्निवार है!

[शान्ति संगीत में भाव परिवर्तन]

हँसता नव जीवन अरुणोदय
तम प्रकाश में होता तन्मय,
सिन्धु क्षितिज पर दूर स्वप्न स्मित
उठता स्वर्णिम ज्योति ज्वार है!
यह स्वर्गिक भावों का शोणित
जीवन सागर लगता लोहित
सत्य भरा स्वप्नों का वाहित
भार मुक्त लग रहा पार है!

[आशा उल्लासप्रद शान्ति संगीत के साथ यवनिका पतन]



दिग्विजय

[जाप । सत्य की बहिरंतर विजय का काव्य रूपक]

मरुत

अप्सरा

खेचर

नील ध्वनि

दिशा स्वर

भू स्वर

[अन्तरिक्ष में अप्सराओं का गान]

गाओ, जय गाओ!
ईश्वर का प्रतिनिधि नर,—
दिग्विजयी मानव पर
नंदन वन के प्रसून
हँस हँस बरसाओ!

ओ विद्युत् बालाओ,
प्राणों की ज्वालाओ,
स्वर्ग मर्त्य मध्य स्वर्ण
सेतु नव बनाओ!

चन्द्रकला पंखों पर
अप्सरियों, उड़ निर्भर
दिग् युग का सुरधनु स्मित
केतन फहराओ!

पृथ्वी का पट भार,
उमड़ चैतन्य ज्वार
अयि अनंत यौवन मयि
नूपुर झनकाओ!

रजत-नाल शुभ्र व्योम
निकट शुभ भौम धाम
शोभा आनंद प्रीति
सार में जगाओ!

मादक नर-देह-गंध
दिशा हर्ष-मत्त अंध
मिल धरा-स्वर्ग, पुन
सज नव सताओ!

खुला योनि लोक द्वार
अंतरिक्ष आर पार
भू-सुत करते निहार,
भुवन नव रचाओ!

[संगीत ध्वनि धीरे धीरे अंतरिक्ष में लय हो जाती है। मरुत और अप्सरा का क्षितिज में वार्तालाप।]

मरुत

धन्य, शब्द-गति, ज्योति-वेग को भी अतिक्रम कर
किस प्रवेग में छूट, आ रहा कौन अस्त्र यह?
वायु बाण या अग्निबाण? या दिशा-यान यह?
या नूतन ग्रह उदित हुआ अब अंतरिक्ष में?
सौर चक्र की स्वर्णिम गतिलय में बँध कर जो
परिक्रमा करता पृथ्वी की—मुग्ध, चतुर्दिक्
विश्व नृत्य में मत्त—ज्योतिरिंगण सा चंचल!

[प्रक्षेपास्त्र के उड़ने की ध्वनि]

कौन मूढ़ खग, दुःसाहसी प्रमत्त मनुज या
ढीठ परस झुलसाने—गर्वित दृष्टि गँवाने
भंग कर रहा शुभ्र शांति निःसीम नील की—
जहाँ अमर भी श्रद्धानत, निःशब्द विचरते
अप्सरियाँ नूपुर उतार अभिसार स्थलों पर
आती जाती—संकेतों से मौन प्रकट कर!
नहीं जानता क्या वह, प्रहरी सूर्य दिशा का?

अप्सरा

अघटनीय यह—कोई अमित नील का नाप!
प्रथम बार धरती के गुरु-आकर्षण से उठ

चलता अलस अलघ्य शृंग पर ज्यों भूचर!
थाह सिन्धु की लेता हाय, नमक का पुतला!
कैसे ध्वनि सस्वर गूँज नीहार लोक की
तड़ित् तरंगों में कंपित करते!—सुनते हो?

[ध्वनिगर्जन स्पष्ट होता है]

एक स्वर

कौन हो तुम खेचर? मैं धरती का स्वर हूँ!

खेचर

जी, प्रसन्न हूँ,—गगनांग में!—बोल रहा हूँ—
ठीक कार्य कर रहे यान के यंत्र—यथाविधि—
अक्षत हूँ मैं!—दिशापाल अनुकूल जागते!—

एक स्वर

कैसा लगता वहाँ?

खेचर

न पूछो!—अद्भुत! अद्भुत!

एक स्वर

दिङ् मंडल के कुछ अनुभव बतला सकते हो?

खेचर

रक्त-नील प्रभ व्योम लोक में तिर रहा हूँ!
शुभ्र शांति के भार मौन निस्तल सागर में
डूब रही निःसीम चेतना—भारहीन हो!
उच्च वायुओं की पवित्रता में अवगाहित
मन तन्मय हो रहा—निखिल का महत् स्वप्न सा!
भार मुक्त तन तैर रहा आनंद राशि में!
शून्य शांत ज्योतिर्लोकों में कैसे सुन्दर

ताने स्वर्णप्रभ वितान गोलार्ध नील में।
हरित नील कदुक सा दीख रहा भूगोलक।
आ, अति रोमांचक, रहस्यमय, महा दिशा का
निस्सर नीलम मणि प्रसार यह! — यहाँ धरा के
लघु जीवन संघर्ष लीन हो आरोहों में
अर्थहीन से लगते घन नीरव अनंत में! —
यह अगाध, निस्तल, अकूल उदधि हो! धरती
मात्र बाह्य तल-तल जिसकी — अगम तरंगित!

एक स्वर

कैसा दीख रहा खगोल? नक्षत्र क्षितिज, भ?

खचर

बृहत खगोल? न पूछो, पुरुष पुरातन कोई
देख रहा अनिमेष अनिमेष, समाधि मग्न सा,—
रोम रोम में अपने शत ब्रह्मांड प्रवाहित,
ध्यानावस्थित सा, असंग निष्काम शांति में!
स्वर्ण हरित चेतना दिशा की सँजो हृदय में
प्रात मणि आभा सी लिपटी ज्यों अनंत में!

एक स्वर

आ, रोमांचक गाथा, निश्चय, अंतरिक्ष की!
शून्य निदाला मृत — आत्म साक्षात्कार-रत!

खचर

कृष्ण नील भरा पर स्मित स्वर्णारुण रेखा सा
खिला प्रकाश क्षितिज, भू की स्वर्णिम कांती सा,
प्रभा-वृत्त हो अगणित छायाओं से विरचित।
मुक्त प्रसार, — न किंचित् भी अवरोध सामने,
मात्र दृष्टि ही का सीमा — जा खो सा जाती!

नील आस्य पर महा हास्य भर उज्ज्वल तारे
जगमग करते दिव्य दीपों-से नभ करतल में!—
स्वर्गंकित आनन लिपटाए स्फीत देह पर
गरजती लपटी हो दिशा अनंत वक्ष में,—
आँधी, गाथाओं सी गत युगों की ज्वाला!
अनिर्वाण हो जिए शून्य या निज सत्ता में
दिशा यानि का उदर स्वप्न बन जाता है!

एक स्वर

लक्ष्य-भ्रष्ट हो जाय न खेचर फिर प्रमत्त हो!

खेचर

मुक्त नहीं स्वर्गों का भय! — देख रहा धरती को
इन्द्रधनुष में लिपटी — मुग्ध अनंत यौवना
नाच रही जो मुक्त उर्वशी सी असीम में!
देख रहा अपलक ज्योति मय यौवन शोभा!
उड़ता गंध पवित्र दुकूल श्यामा पवन का—
शस्य हरित चोली वनानों के शिखरों पर—
झूम रही फेनामिल नदियाँ कल्हार सी—
लहराता लहंगा सागर का रत्न मणि जड़ा
धूप छाँह मय रश्मिरंजित रंगों से रंजित!
नाच रहा यह गिरि शृंगों के हाथ उठाए
नील सुति में! — दिव्य प्रकाश से मन रंजित!
देख रहा हूँ — भू पर बहु रंगों, रागों का,
प्यार भर रहा महाद्वीप के पत्थर मानव—
समता आ रही बहु जातियों, रंगों की
जो भू पर प्रतिभा भर सुन्दर जीवन का!
याद आ रहा युगों का सन्तों का प्रतिपल
स्मरण पर रहे होंगे वे भी विजय दम्भ!
साथ रहे होंगे तब अद्भुत साहस की
बातें — वे भी पहले विश्व मशाल कर में

लक्ष्य न जाऊँ—भटक न जाऊँ—लौट न पाऊँ!
चिंतित होंगे—महत् शून्य का मगारीपन
निगरा न जाए रहा अपना पाकर मुस्का —
मनुज जाति मे, गृह स्वदेश से जा अब निगहित!
हँसते होंगे शत्रु—सोम के पंख लगा कर
सूरज से मिलने के मेरे दुस्साहस पर —
कहते होंगे—हाय जला कर क्या जाना नर
पंख जद्र का लौटेगा अनल में धर कर
पर मैं मानव अंतर की आशाऽकांक्षा का
केवल प्रथम प्रतीक मात्र हूँ—जो अनादि से
शब्दहीन इस महानील के चिर रहस्य को
चीर ज्योति स्वर लिपि में अंकित गह्वोद्गारित
उसके राजाक्षर मसी को पढ़ने के हित
चिर आकुल था—उसके ज्योतिर्मय आँगन का
अभ्यागत बनने को उत्सुक!—जयी आज नर!
दिग दुंदुभि घोषित करती मानव की जय को
जब बज उठतीं तारों की रुपहली पायलें—
पुष्पहार ले स्वागत करता मुग्ध अप्सरा
रश्मि परन, शत सुरधनु छायाओं में लिपटा!
दिशा हस्तगत आज सहसा जग पथ के!
दूर हुईं दिग गत बाधाएँ विश्व प्रगति की
भू जीवन संयोजन की, मानव विकास की!

एक स्वर

धन्य जयी नर धन्य जयी जागरण भू जन का!

खेचर

लो मैं पृथ्वी की परिक्रमा पूर्ण कर रहा—
घूम समांतर क्षितिज वृत्त के दिशा यान में!
अब धरती पर उतर मातृ भू की पदरज को
चूम नमन कर अंतरिक्ष के रजत हप को

माँ के चरणों पर अर्पित कर, जन जन में मैं
स्वर्ग स्नान भर दूँगा, गायन अनुभव कह—
यह रहा उड़ा हुआ छत्र!—अनिर्वचनीय, आह,
निःशब्द नाद, निराकार नील, निःसीम नील!—

[हठात् निराकार निःसीम में गम्भीर गम्भीर ध्वनि उठती है।]

नीरव ध्वनि

ठहरो दिग्वर ठहरो,—भू की परिक्रमा कर
गोल नील को नापा, तुम गर्व स्फीत हो
लौट रहे अब दिग् विजयी बनकर धरती पर!
सुनो अन्तरिक्षय ले जाकर—मानवेन्द्र बन!
सुनो!—नील, निःशब्द नील—यों बोल रहा है,—
मैं ही गुण शब्द—मौन मुझमें तन्मय हो
रही गुञ्जर हो उठती रव नियम में स्पन्दन!—
क्या पार्थिव मनुज जाति स्व समर्पित जय में?—
माना, मंगल चन्द्र गुरु में धरा पुत्र ने
विजय वैजयंती फहरा दी—तो क्या
तोड़ सकेगा मानव अपनी लौह नियति को?—
पाप रहा जो उस घर निमग्न पापी में!
देह प्राण मन में वह घर दिग्यात्री था,
भेद बुद्धि में शोषण कर स्वपन्न यति का,
जग मृत्यु पर्वों ने निर्भर को देखा। कर—
स्वह धूलि में स्पर्श कर आकाश न छू सका!

[गम्भीर ध्वनि प्रभाव]

[illegible]

मैं, स्वय पराजित होने मानव के
हाथों से—मर ऊपर शिखर पर नव यह निर्भय
पाएगा अपनी सार्थकता,—शांति, शांति,
आनंद, प्रीति, सौंदर्य अनश्वर—अमृत-तत्त्व !
जा, ओ भूचर तू मेरा मधि निमत्रण ले जा—
मैं रण के हित भी उद्यत हू—मानव चुन ले !
म प्रसन्न हू तेरे निष्फल दु साहस से,
बुद्धि-कुशल सारव यत्न स !—अतरिक्ष के
भीतर अगणित अतरिक्ष हैं—आकाशों के
भीतर अमिताकाश सूक्ष्म अति गुह्य, अगोचर,—
महाकाल का गूढ निधान दिशा प्रांगण पर !
काल जयी बन !—आत्मजयी हो विश्वजयी भी !
विना मेरु पर चढ़, मात्र शाखा मृग सा तू
ग्रह से ग्रह पर कूद, क्षितिज से फाद क्षितिज पर
यत्न करेगा क्या? बाहर के जग में व्यापी
नक्षत्रों की चकाचौंध में—रिक्त परिधि ना !
तू ही सब का केन्द्र,—केन्द्र ब्रह्माड—विश्व का—
तेरे ही भीतर सूरज, शशि, ग्रह, उपग्रह सब !
आत्मवान्, तू धराधाम को बदल स्वर्ग में !
बाध विविध भू दर्शों को नव मानवता म—
आज विरोधी शिविरों म जो बँटे हुए है !
भू मन का तम मत ले जा तू अन्य ग्रहों म—
राग द्वेष, कटु घृणा कलह, निंदा प्रतिस्पर्धा !
नक्षत्रों की शुभ्र शांति को युद्ध क्षेत्र के
नारकीय कालाहल में मत बदल व्यथ हो !

सचर

[ससभ्रम]

गुह्य, पुरातन तम स्वर फिर स सुन पड़ता है !

अविनाशी हूँ मैं!—फिर तुझको जगत चक्र में
पीसूँगा,—नव सृष्टि खींचा कर!—विश्व ध्वंस कर
लाख प्रलय तू भले बुला ले,—तुझको फिर से
काल शिखर जय करना होगा—आत्म उन्नयन कर,
जन-भू पर मनुज हृदय का स्वर्ग रचा कर!
दिक् प्रमत्त, विज्ञान शक्ति से बहिर्जगत की
रचना कर तू, आत्म ज्ञान से अंतर्जग का—
प्रेम-स्वर्ग रच मनुज हृदय में!—देह प्राण मन
हों कृतार्थ आनंद स्रोत में अवगाहन कर!
इंद्रिय जीवन कुसुमित हो भू की शोभा में,—
अंत रस अभिषिक्त, बाह्य बंधन से विरहित!
एकांगी भौतिक विकास से उन्मद भू-जन
मन्यु रुद्र का सहें!—सत्य का मुख पहचानें!
पथरा गयी विविध स्वार्थों में मनुज चेतना
गत मूल्यों, धर्मों, संस्कृतियों में शत खंडित,
जाति पाँति, वर्णों वर्गों में वर्ग-विभाजित!
महत् खंड जब तक जन मन का प्रकृति दमन से
नष्ट न होगा—जन्म न ले पाएगा नूतन—
हृदय-स्वर्ग रचना संभव होगी न सत्य हित!
हुं—हुंकार रहा निश्चेतन प्रकृति गर्भ में—
गरज उठा, लो, अंबर—टूट रहा शत विद्युत!

[मेघ गर्जन तथा वज्र निपात का घोर रव]

मधुकर

गूढ़, पुरातन, रहस्यमय अंतर ध्वनि उठती!
झंकृत होता, दिक् मादक होता यह!—मुझको हूँ
जिज्ञासी सा, अहं, उड़ रहा मन आत्म पराजित!
मात्र यथावत् काय कर रह मन, तन, स्वपर!
लगता है लहरें हो उमँग पर भू की हूँ!

मैं, स्वयं पराजित होने मानव के
हाथों से—मर ऊर्ध्व शिखर पर चढ़ वह निर्भय
पायगा अपनी सार्थकता,—शांति, ज्योति,
आनंद, प्रीति, सौंदर्य अनश्वर—अमृत-तत्त्व !
जा, ओ भूचर तू मेरा सधि निमंत्रण ले जा—
मैं रण के हित भी उद्यत हूँ—मानव चुन ले !
मैं प्रसन्न हूँ तेरे निष्फल दुःसाहस से,
बुद्धि कुशल सागल यत्न से !—अंतरिक्ष के
भीतर अगणित अंतरिक्ष हैं—आकाशों के
भीतर अमिताकाश सूक्ष्म अति गुह्य, अगोचर,—
महाकाल का गूढ़ विधान दिशा प्रांगण पर !
काल जयी बन !—आत्मजयी हो विश्वजयी भी !
विना मेरु पर चढ़े मात्र शाखामृग सा तू
ग्रह से ग्रह पर कूद, क्षितिज से फांद क्षितिज पर
व्यर्थ करेगा क्या ? बाहर के जग में खोया,
नक्षत्रों की चकाचौंध में—रिक्त परिधि जो !
तू ही सब का केंद्र,—केंद्र ब्रह्मांड—विश्व का—
तेरे ही भीतर सूरज, शशि ग्रह उपग्रह सब !
आत्मवान्, तू धराधाम को बदल स्वर्ग में !
नाथ विविध भू-देशों को नव मानवता में—
आज विरोधी शिविरों में जो बँटे हुए हैं !
भू मन का तम मत ले जा तू अन्य ग्रहों में—
राग द्वेष, कटु घृणा कलह, निंदा, प्रतिस्पर्धा !
नक्षत्रों की शुभ्र शांति का युद्ध क्षेत्र के
नारकीय हालाहल में मत बदल व्यथ हो !

खेचर

[ससंभ्रम]

गुह्य, रहस्य तम स्वर फिर से सुन पड़ता है !

नील'ध्वनि

अविनाशी हू मैं !—फिर तुझको जगत् चक्र में
पीसूँगा,—नर सृष्टि सँजो कर !—विश्व ध्वस कर
घोर प्रलय तू भले बुला ले,—तुझको फिर से
काल शिखर जय करना होगा—आत्म उन्नयन कर,
जन-भू पर मनुज हृदय का स्वग बसा कर !
दिक् प्रमत्त, विज्ञान शक्ति से बहिर्जगत की
रचना कर तू, आत्म ज्ञान से अतजग का—
प्रेम-स्वर्ग रच मनुज हृदय में !—देह प्राण मन
हो कृतार्थ आनद स्रात में अवगाहन कर !
इद्रिय जीवन कुसुमित हो भू की शोभा म,—
अत रस अभिषिक्त, बाह्य बधन से विरहित !
एकागी भौतिक विकास से उन्मद भू जन
मन्यु रुद्र का सह !—सत्य का मुख पहचानें !
पथरा गयी विविध स्वार्थों म मनुज चतना
गत मूल्यों, धर्मों, संस्कृतियो म शत खडित,
जाति पाति, वर्णों दर्गों म वग विभाजित !
महत् खंड जब तक जन मन का प्रकृति धर्म से
नष्ट न होगा—जन्म न ले पाएगा नूतन—
हृदय-स्वग रचना सभव होगी न मनुज हित !
हु—हुकार रहा गिरता प्रकृति नभ में—
गरज उठा, लो, अबर—टूट रहा शत विद्युत् !

[मेघ गजन तथा वज्र निपात का पार रव]

गेरव

गूढ, पुरातन, गभहार मतर ध्वनि उठती !
गशब्द क्षण, फिर् गंभीर हाल यह !—घुमड रू
चिनगारी सा, आह उठ रहा मन जगत प्रगति !
मात्र यत्नरत् पार कर गए मा ता, कादर !
लगता हैं लडखडा उठेगा पग भू का ! !

दिशा स्वर

मा भै, मा भै! मैं हूँ माता दिशा काल की
अपने तन्मय उर में धारण करता हूँ मैं
मूर्तिमती प्रतिछाया उभरी!—उतरो खेचर,
उतरो, मेरी बाँह पकड़ कर, उतरो भू पर!
नयी दिशा दूँगी मैं मानव मन, भू-जन को!
दिगभियान हो सफल तुम्हारा, तुम मानव को
महाकाल का नीलकंठ संदेश दे सको!
रुद्र और शिव एक साथ जो कारण के कारण,
निश्चेतन अतिचेतन के स्वामी, केवल!

खेचर

मात्र प्रकृति का आश्वासन यह!—निर्भय हूँ मैं,
तुम्हें समर्पित कर माँ, अपना तन मन जीवन!

[मा ग्राम]

दिखलाई पड़ता स्वदेश तट,—सद्य जोते
खेतों के रज की सौरभ यह!—उतर गया, लो,
मखमल सी दबती पैरों के नीचे मिट्टी—
स्नेह स्निग्ध सोंधी सुगंध नासापुट में भर
पुलकित करती तन—अंबर की घन नीरवता
चर्चित है इस इंद्रिय दीपन मादक सुख से!
क्षितिज वृत्त अब सीमित होकर नव वसंत के
स्मित पल्लव अधरों से मर्मर स्वागत करता—
नील मौन की चेतावनी नहीं भूला मन!
लगता जड़ में भी पा सकता मन चेतन को,
यदि चेतन ही जड़ है तो जड़ भी चेतन है
सत्य वही है—दृष्टि मात्र बदली है केवल
ज्ञान और विज्ञान एक हो तत्व सिखाते!—
कुहरा सा हट गया भेद खुल गया वस्तु का!
ज्ञान दीप्त विज्ञान पंथ ही नया पंथ है!

अन्य नहीं पथ, अन्य नहीं पथ, अन्य नहीं पथ,
खुला सर्व हित मात्र यही सामूहिक पथ है!—
देख रहा मैं मनोनयन से दिव्य मानव को,
खड़ा हो वह महा दिशा में अधोस्थित तन
अतल सिन्धु में चरण, जघन कटि उदर धरा पर,
हृदय स्वर्ग में, मस्तक त्रिदिव क्षितिज के ऊपर!
जाग रहा वह ध्यान लीन भी, ध्यान हीन भी
जय नव मानव की, जय नव विज्ञान ज्ञान की,
भौतिक पथ से बढ़ साथ सामाजिक मानव
आध्यात्मिक, सांस्कृतिक लक्ष्य को—यही साध्य है,
यही सुलभ साधन!—पथ स्पष्ट उभय ओर हैं!

[जन कोलाहल का प्रभाव]

एक स्वर

देखो, देखो, गगन रथ वह, उतर रहा है!
अंतरिक्ष का दूत,—उड़न छतरी गोल वह
धरती धरती पर पग!

कई स्वर

स्वागत, स्वागत खेचर!

एक स्वर

बिना खड़खड़ाए ही, लो, वह चला आ रहा!
खोल दिया मुख का अवगुंठन, दृग क्षितिज के
अरुण-रंग अमृताधर, मद रहस्य नील के!

कई स्वर

स्वागत हे स्वागत चिर मानव, व्योम जयी नर!
खुले द्वार युग नव धरा हित आज स्वर्ग के!

दिशा स्वर

मा भै, मा भ ! मैं ह माता दिशा, काल का
अपने त मय उर म धारण करता ह मैं
मूर्तिमती प्रतिच्छाया उभरी !—उतरा सागर,
उतरा मेरी बाह पकड़ कर, उतरा भू पर !
नयी दिशा दूँगा मैं मानव मन भू-जन को !
दिगभियान हो सफल तुम्हारा, तुम मानव का
महाकाल का नीलकंठ सदेश द मका !
रुद्र और शिव एक साथ ना कारण क कारण,
निश्चतन अतिचतन क स्वामी, करल !

खचर

मात प्रकृति का आश्वासन यह !—निभय हूँ मैं,
तुम्हें समर्पित कर मा, अपना तन मन जीवन !

[मालगाम]

दिखलाई पडता स्वदेश तट,—सद्य जाने
रोता क रन का सारभ यह !—उतर गया ला
मखमल सी दबती परो के नाच मिट्टी—
स्नेह स्निग्ध साधी सुगध नासापुट म भर
पुलकित करती तन —अबर की घन नीरवता
रचित है इस इद्रिय दीपन मादन सुख से !
क्षितिज वृत्त अब सीमित होकर नव वसत क
स्मित पल्लव अधरा से मर्मर स्वागत करता—
नील मौन की चेतावनी नहा भूला मन !
लगता जड म भी पा सकता मन चेतन को,
यदि चतन ही जड है ता जड़ भी चतन है
सत्य यही है —दृष्टि मात्र बदली है केवल
ज्ञान और विज्ञान एक हो तत्त्व सिखाते !—
कुहरा सा हट गया भद खुल गया वस्तु का !
ज्ञान दीप्त विज्ञान पथ ही नया पथ है !

अन्य नहीं पथ, अन्य नहीं पथ, अन्य नहीं पथ,
खुला सर्व हित मात्र यही सामूहिक पथ है !—
देख रहा मैं मनोनयन से दिव्य मानव को,
लेटा हो वह महा दिशा में अर्धोंकित तन
अतल सिन्धु में चरण, जघन कटि उदर धरा पर,
हृत्य स्वर्ग में, मस्तक त्रिदिव क्षितिज से ऊपर !
जाग रहा वह ध्यान लीन भी, ध्यान हीन भी
जय नव मानव की, जय नव विज्ञान ज्ञान की,
भौतिक पथ से चले साथ सामाजिक मानव
आध्यात्मिक, सांस्कृतिक लक्ष्य को—यही साध्य है,
यही सुलभ साधन !—पथ सकल उभय ओर हैं !

[जन कोलाहल का प्रभाव]

एक स्वर

देखो, देखो, गगन रंग वह, उतर रहा है !
अंतरिक्ष का दूत,—उड़न छतरी खोल वह,
धरती धरता पर पग !

कई स्वर

स्वागत, स्वागत खेचर !

एक स्वर

बिना लड़खड़ाए ही, लो, वह चला आ रहा !
खोल दिशा मुख का अवगुंठन, चूम क्षितिज के
अरुण-स्वर्ण अमृताधर, भेद रहस्य नील का !

कई स्वर

स्वागत हे स्वागत दिव्य मानव, व्योम चर्या नर !
रुद्ध द्वार खुल गए धरा हित आज स्वर्ग के !

अभिनंदन, वंदन हे!
पृथ्वी के हित खुला स्वर्ग का
स्वर्ण क्षितिज तोरण हे!

छाया पथ पर चल मानव रथ
देख रहा भमा रा रति अथ,
धरती के पुत्रों से शोभित
ग्रह ग्रह का आँगन हे!

खुले रुद्ध भवानन बंधन
जड की सीमा हुई समापन—
लगता शून्य अनंत, सूर्य से
दीप्त, आत्म चेतन हे!

विश्व मुक्ति ही व्यक्ति मुक्ति पथ,
मानवता की तुम्हें है शपथ,
दिव्य युग रचना करो, एक हो
विश्व, एक भव जन हे!

हो भौतिक सोपान स्वर्ग तक,
आत्म दीप्त अंतर दृग अपलक,
भावों की शोभा में मुकुलित
हो इंद्रिय जीवन हे!

प्राणों की चिर चंचल परियाँ
शुभ्र चेतना की अप्सरियाँ,
धरा-स्वर्ग रचना मंगल में
भरता आलिंगन हे!
वंदन अभिनंदन हे!

